वर्ष-15, अंक-148
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

# बिहार सिटी चीफ



**आज का विचार**

जीवन में सफलता का मार्ग आसान नहीं होता।

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार,सोमवार 02 सितम्बर 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

### बिहार में शराबबंदी पर सवाल

## टोल टैक्स के पास खड़े लावारिस ट्रक से शराब की बड़ी खेप बरामद



**चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ**
मुजफ्फरपुर, बिहार में 8 साल से पूर्ण शराबबंदी लागू है। इस कानून के तहत शराब पीने और बेचने की सख्त मनाही है। इसके बावजूद ना तो पीने वाले सुधरने का नाम ले रहे हैं और ना ही बेचने वाले ही अपनी आदतों से बाज आ रहे हैं। यही कारण है कि आए दिन शराब तस्कर शराब की बड़ी खेप के साथ पकड़े जा रहे हैं। कुछ महीने जेल में रहने के बाद फिर बाहर आकर शराब के धंधे में जुड़ जाते हैं और शराब की तस्करी करते हैं। दूसरे राज्यों से विदेशी शराब को बिहार लाया जाता है और उसे विभिन्न जगहों पर बेचा जाता है। ताजा मामला मुजफ्फरपुर का है जहां लावारिस हालत में एक ट्रक को जब्त किया गया। ट्रक में विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद किया गया है। जैतपुर थाना क्षेत्र के पोखरैरा टॉल टैक्स के पास से ट्रक को जब्त किया गया है। मुजफ्फरपुर के जैतपुर थानाध्यक्ष विकास कुमार को इस बात की गुप्त सूचना मिली थी कि शराब से लदा एक ट्रक मुजफ्फरपुर-छपरा मुख्य मार्ग से गुजरने वाली है। इस सूचना के बाद थानेदार ने पुलिस की टीम बनाई। तभी अचानक जैतपुर थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर छपरा मुख्य मार्ग के पोखरैरा टॉल टैक्स के पास लावारिस हालत में एक ट्रक पर पुलिस की नजर गई। जब पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तब देखा की पूरा ट्रक अवैध शराब से भरा हुआ है। जिसके बाद पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर ट्रक को जब्त कर अपने साथ थाने ले गयी। फिलहाल ट्रक में लदे विदेशी शराब की गिनती की जा रही है। जिसकी कीमत लाखों रूपये बतायी जा रही है।

### पद संभालते ही एक्शन में नए DGP

## पुलिस अफसरों को दिया स्पेशल टास्क



**चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ**
पटना, डीजीपी आलोक राज ने पदभार संभालते ही एक्शन मोड में आ गए हैं। उन्होंने पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों और पटना जिले के अफसरों के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। डीजीपी ने पुलिस पदाधिकारियों को टीम भावना से काम करने का निर्देश दिया और विधि-व्यवस्था को लेकर विशेष टास्क दिए। उन्होंने केंद्रीयकृत कंट्रोल कमांड सेंटर का भी निरीक्षण किया और पुलिस मुख्यालय के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। डीजीपी आलोक राज गांधी मैदान के पास आइजी कार्यालय पहुंचे। उनके साथ एडीजी मुख्यालय जितेंद्र सिंह गंगवार और एडीजी विधि-व्यवस्था संजय सिंह भी थे। कार्यालय पहुंचते ही आइजी गरिमा मलिक और डीआइजी सह एसएसपी राजीव मिश्रा ने उनकी अगुवानी की। यहां डीजीपी को गार्ड ऑफ आनर भी दिया गया। इसके बाद उन्होंने कार्यालय में डीएसपी से लेकर आइजी के साथ बैठक की। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को कहा कि वे पूरी ऊर्जा एवं शक्ति के साथ काम करें। टीम भावना से काम करने से ही कार्य की सफलता सुनिश्चित होती है। उन्होंने विधि-व्यवस्था को लेकर अफसरों को विशेष टास्क दिए। इसके बाद वह केंद्रीयकृत कंट्रोल कमांड सेंटर भी गए और कैमरों की मदद से की जा रही मानीटरिंग का जायजा लिया। उन्होंने भविष्य में इस तकनीक का और बेहतर इस्तेमाल करने की बात कही। इसके पूर्व डीजीपी आलोक राज ने पुलिस मुख्यालय के विभिन्न कार्यालयों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने दिन में 11 से एक बजे तक करीब तीन घंटे तक पुलिस मुख्यालय के विभिन्न कार्यालयों की कार्य प्रणाली को नजदीक से देखा।जानकारी के अनुसार डीजीपी आलोक राज ने स्पेशल ब्रांच, अपराध एवं अनुसंधान विभाग, डीजीपी कंट्रोल रूम, पुलिस मुख्यालय स्थित मीडिया सेंटर, फारेंसिक सेल सहित अन्य कार्यालयों में गए।

## बच्चों की विवाद में खुनी खेल फरसा से काटकर मजदूर की हत्या



**चन्दन कुमार चौबे। सिटी चीफ**
चम्पारण, बिहार में अपराधियों का तांडव लगातार जारी है। राज्य में आए दिन लोगों की हत्या की जा रही है। इसी कड़ी में अब एक ताजा मामला पश्चिमी चंपारण से निकल कर सामने आ रहा है। जहां बच्चें का विवाद इतना बढ़ गया कि बड़े आपस में भिड़ गए। इसके बाद धारदार हथियार से काटकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गयी। यह घटना लौरिया के परसा धांगड़टोली वार्ड नं. 12 की है। जानकारी के मुताबिक विनोद धांगड़ (46) नामक मजदूर की हत्या फरसा से मार कर दी और जीएमसएच में इलाज के दौरान रात्रि दो बजे विनोद की मौत हो गयी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस कांड के आरोपित फरार हैं। पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी का दावा किया है। इस मामले में जीएमसीएच अस्पताल पुलिस चौकी के प्रभारी दारोगा राम कुमार पासवान ने बताया कि विनोद धांगड़ के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। गवाहों के अनुसार मारपीट के कारण उनकी मौत हुई है। परिजनों का बयान दर्ज कर लौरिया पुलिस को कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। वहीं ,मृतक विनोद धांगड़ के साला विलास महतो ने बताया कि उसकी भांजी बिजली कुमारी (10) अपने पड़ोसी के बच्चों के साथ खेल रही थी। खेलने के दौरान बिजली कुमारी और अन्य बच्चों में मामूली विवाद हो गया। इसी को लेकर संध्या सात बजे अशर्फी महतो, दिनेश महतो तथा रामबाबू महतो ने हरवे हथियार से लैश होकर हमला बोल दिया। उसके बाद सभी आरोपी मिलकर विनोद धांगड़ को पीटने लगे। उसके बाद विनोद को दरवाजे से खींचकर बाहर निकाला और फरसा से सिर पर मार गंभीर रुप से जख्मी कर दिया। वे जख्मी होकर वहीं पर गिर गए। गांव के लोग शोर सुनकर दौड़े तो हमलावर वहां से फरार हो गए। परिजन विनोद धांगड़ को लेकर लौरिया रेफरल अस्पताल पहुंचे, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेतिया रेफर कर दिया गया। रात्रि नौ बजे विनोद को जीएमसीएच लाया गया। वहां रात्रि दो बजे के करीब विनोद की मौत हो गयी।

### एक विवाह ऐसा भी

## दो बेटियों के सामने पुलिस ने करवाई तलाकशुदा मां की शादी

**चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ** छपरा, छपरा में दो बच्चियों की मां को पति से तलाक लेने के बाद एक शख्स से प्यार हो गया। दोनों एक दूसरे को बहुत चाहते थे। चोरी छिपे मिला करते थे। एक दिन ग्रामीणों ने दोनों को मिलते देख लिया और इस बात की शिकायत मुफ्फसिल थानेदार से की। जिसके बाद थानेदार विशाल आनंद ने दोनों को थाने पर बुलाया। थाने पर आने के बाद पुलिस ने दोनों से बातचीत की और दोनों की रजामंदी के बाद थाना परिसर से सटे मंदिर में दोनों की शादी हिन्दू रिति रिवाज से करायी गयी। महिला की दो बेटियों के सामने ही उसके प्रेमी के साथ पुलिस कर्मियों ने शादी करवाई और वर-वधू को आशीर्वाद देकर थाना परिसर से विदा किया। परसा थाना क्षेत्र के चक सहबाज के रहने वाले बिरभजन राय के बेटे गोविंद और खैरा थाना क्षेत्र के अरवा के रहने वाले मुन्ना प्रसाद की बेटी रेखा को शादी के बाद वहां मौजूद थानेदार, पुलिसकर्मी और ग्रामीणों ने आशीर्वाद दिया। इस विवाह में महिला पुलिस कर्मियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिला पुलिस कर्मियों ने शादी के गीतों से माहौल को बदल डाला। इस मौके पर महिला की दोनों बच्चियां भी मौजूद थी। जो मंदिर में हो रहे मां की शादी को देख रही थी।

## लालू यादव को सिर्फ अपने परिवार के हितों की चिंता, सम्राट चौधरी ने कहा- 15 साल सत्ता में रहकर कभी आरक्षण की बात नहीं की

**पटना:** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि लालू जी 15 सालों तक सत्ता में रहे, लेकिन उन्होंने कभी भी पिछड़े वर्गों, दलितों, और समाज के वंचित तबकों के लिए आरक्षण की बात नहीं की। सम्राट चौधरी ने आरोप लगाया कि लालू जी और उनके परिवार ने सिर्फ अपने परिवार के हितों की चिंता की है, न कि आम जनता की। उन्होंने यह भी कहा कि लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार ने सत्ता का उपयोग केवल अपने परिवार के लाभ के लिए किया है। उन्होंने कहा कि लालू जी का परिवारवाद की राजनीति में विश्वास है और उन्होंने कभी भी समाज के सभी वर्गों के कल्याण के बारे में नहीं सोचा। उपमुख्यमंत्री ने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके राज में भ्रष्टाचार और परिवारवाद का बोलबाला रहा, जबकि आरक्षण और समाज के वंचित तबकों के अधिकारों पर ध्यान नहीं दिया गया। वहीं सम्राट चौधरी का यह बयान बिहार की राजनीति में एक नई बहस को जन्म दे सकता है, खासकर जब राज्य में चुनावी सरगर्मियां बढ़ रही हैं।

### एक्सप्रेस ट्रेन की AC बोगी से भारी मात्रा में गांजा बरामद

## सीट के नीचे लावारिस हालत में मिली नशे की बड़ी खेप



**चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ**
मुंगेर, मुंगेर में जमालपुर आरपीएफ ने जमालपुर स्टेशन पर खड़ी ब्रह्मपुत्र मेल के ए 1 कोच से सीट के नीचे पड़े 43.5 किलो गांजा को बरामद किया है। इसके बाद जब पूरी बोगी में सर्च ऑपरेशन चलाया गया तो गाड़ी के अभयपुर पहुंचते पहुंचते आरपीएफ ने और भी गांजा बरामद किया।दरअसल, जमालपुर आरपीएफ को सूचना मिली थी की कामख्या से न्यू दिल्ली जाने वाली ब्रह्मपुत्र मेल से भारी मात्रा में गंजा की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद जब ब्रह्मपुत्र मेल जमालपुर स्टेशन पर लगी तो आरपीएफ के द्वारा ए 1 कोच में सर्च अभियान चलाया गया। जिसके बाद सर्च अभियान के दौरान कोच के एक सीट के नीचे से आरपीएफ ने तीन बैग बरामद किया, जो लावारिस अवस्था में रखे हुए थे। जांच किया गया तो उसमें 43.5 किलो गांजा पैक किया गया था।

जिसके बाद रेल पुलिस ने दूसरी बोगियों मे भी तलाशी लेनी शुरू की। जब ट्रेन जमालपुर से खुली तो आरपीएफ के द्वारा इस बोगी में और सघन जांच अभियान चलाया गया तो अभयपुर स्टेशन आते आते आरपीएफ को एक और सफलता हाथ लगी और अन्त सीटों के नीचे से भी लावारिस बैग बरामद किया गया। उसमें भी भारी मात्रा में गांजा पाया गया है। बरामद गांजा की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है।

### स्नान करने के दौरान सरयू नदी में डूबने से 2 चचेरे भाइयों की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**छपरा।** बिहार में सारण जिले में रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया, जहां सरयू नदी में स्नान करने गए दो चचेरे भाइयों की डूबकर मौत हो गई। इस हादसे के बाद इलाके में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, घटना जिले के मांझी थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि फतेहपुर सरैया गांव निवासी धर्मेंद्र चौधरी का पुत्र रोहित कुमार चौधरी (18) अपने चचेरे भाई सकलदेव चौधरी उर्फ टिटोहर चौधरी के पुत्र अंकित कुमार चौधरी उर्फ खेसारी (15) एवं एक अन्य चचेरे भाई के साथ गांव के समीप से गुजर रहे सरयू नदी में स्नान करने गए थे। जहां गहरे पानी में डूब कर दोनों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य चचेरा भाई बच गया।

### पटना में डॉक्टर से मांगी 3 लाख की रंगदारी, आरोपी गिरफ्तार, चोरी के मोबाइल से फोन कर मांगे थे पैसे



पटना- बिहार में लगातार अपराधों की बढ़ोतरी हो रही है। लूट, मर्डर जैसे बढ़ते अपराधों पर पुलिस की तमाम कोशिशें नाकाम साबित हो रही हैं। ताजा मामला पटना के दानापुर से सामने आया है, जहां खगौल के मशहूर डॉक्टर शंभू शरण को 3 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के लिए कॉल किया गया।जानकारी के अनुसार डॉक्टर शंभू शरण से फोन कर 3 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। वहीं रंगदारी नहीं देने पर क्लीनिक बंद करने की धमकी भी दी गई। बदमाशों की धमकी से दहशत में आए डॉक्टर ने इस संबंधी पुलिस को शिकायत की। जानकारी मिलते ही पुलिस ने इस मामले में मोबाइल के लोकेशन के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद खुलासा हुआ कि डॉक्टर शंभू शरण के एक कंपाउंडर का मोबाइल चोरी हो गया था। बताया जाता है कि इसी मोबाइल से मनेर के रहने वाले व्यक्ति ने रंगदारी मांगने के लिए कॉल किया था।फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।